हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 मार्च 2026

04 सात दिवसीय एनएसएस शिविर धूमधाम से संपन्न



07 चंदेरी में पग-पग और डग-डग पर प्राचीन ऐतिहासिक धराहरें: सिंधिया





## समाचार संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न



**गुना।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिले की प्रमुख विकास परियोजनाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सिंध वाटर स्कीम, सड़क निर्माण कार्य, गुना अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रेलवे ओवरब्रिज, सीएम राइज स्कूल तथा क्रांतिवीर तात्या टोपे यूनिवर्सिटी सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले में प्राकृतिक खेती, बागवानी और तकनीक आधारित वन संरक्षण जैसे कार्यों की जानकारी दी। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पत्रकारों से चर्चा कर विकास कार्यों की प्रगति और लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

### ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा का होली मिलन समारोह संपन्न



**गुना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा जिला गुना द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारा, प्रेम तथा एकता का संदेश दिया।समारोह के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक होली मिलन मनाया और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक माहौल के बीच सभी ने हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शिखा मिश्रा एवं जिला प्रभारी श्रीमती सरला चौबे की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ होली मिलन समारोह मनाया।

### श्रीजी वाटिका क्लब ने 3 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाया



**गुना।** श्रीजी वाटिका क्लब द्वारा एक निजी होटल में क्लब के 3 वर्ष पूरे होने पर उत्साह एवं मौज मस्ती के साथ पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें कई मनोरंजन गेम खिलाया गए। गेम की विजेता रही कीर्ति अग्रवाल संगीता अग्रवाल,क्षमा सिंह, सीमा अग्रवाल सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आगामी वर्ष 2026 -27 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें आगामी अध्यक्ष डोली सोनी एवं सचिव रचना अग्रवाल का चयन किया गया एवं उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं पूर्व अध्यक्ष चंचल अग्रवाल सचिव नीलम सोनी ने साल भर की गतिविधियों से सबको अवगत कराया और सभी सहयोगी सदस्य का आभार व्यक्त किया। क्लब कोषाध्यक्ष रितु सलूजा ने भी सबको बधाई देकर आभार व्यक्त किया। क्लब संस्थापिका रजनी बिंदल ने सभी पदधिकारियों का आभार व्यक्त कर उपहार से सम्मानित किया एवं आगामी अध्यक्ष सचिव को बधाई दी कार्यक्रम संयोजिका रचना खंडेलवाल एवं स्वेता अग्रवाल रही क्लब मीडिया प्रभारी अंशु गर्ग को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# विजयवर्गीय समाज ने होली मिलन समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विजयवर्गीय समाज द्वारा बीती रात एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ अनिल विजयवर्गीय एवं अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय, सचिव महेंद्र विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष संजय विजयवर्गीय ने समाज के आराध्य श्री रामचरण महाराज के चित्र पर गुलाल लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात समाज के सभी पदाधिकारीयों, वरिष्ठ समाजजनों एवं विजयवर्गीय महिला मंडल की पदाधिकारीयों एवं समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने पुष्प वर्षा कर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सभी महिला पुरुषों एवं बच्चों ने होली के मधुर गीतों पर नृत्य कर होली



मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली का यह पर्व केवलरंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज की आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे को सुदृढ़ करने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान होली मिलन समारोह में विशेष सहयोग के लिए होटल के संचालक एवं समाज के उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय को सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज में एक नए सदस्य के रूप में अभिभाषक विवेक विजयवर्गीय की पुत्रवधु डा. महक विशाल विजयवर्गीय का समाज की ओर से गुलदस्ता भेंट स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ।

## संवाद व समाधान कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले

# गुना में कुछ नया और बड़ा होने वाला जिससे शहर की तस्वीर बदल जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

व्यापार एवं उद्योग महासंघ तथा युवराज क्लब द्वारा आयोजित संवाद एवं समाधान कार्यक्रम ,क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया ।पूर्णतः गैर राजनीतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार के मुखिया से परिवार के सदस्यों की परिचर्चा थी ।

शहर के सभी व्यापारिक धार्मिक एवं सामाजिक संगठनोके साथ अपनत्व का भाव एवं प्यार भरा संवाद देखकर सभी प्रबुद्धजन एवं श्री सिंधिया स्वयं कफी उत्साहित थे । दूधिया रोशनी में आयोजित वेहद गरिमामयी कार्यक्रम में सांसद सिंधिया रात्रि करीब 9 पहुंचे और कार्यक्रम की भव्यता एवं तैयारियों से मंत्रमुग्ध होकर दो घंटे का समय अपने परिवार जनों के बीच बिताया । कार्यक्रम स्थल को आयोजकों ने बैनरों से पाटते हुए बहुत ही सुंदर सजाया था एवं एक ओर जहां सांसद सिंधिया की आगवानी में जमकर आतिशबाजी की गई वहीं दूसरी ओर सिंधिया के स्केच की टीशर्ट पहने नन्हें मुन्ने बैडमिंटन खिलाड़ियों द्वारा गुलाबों के शहर गुना के गुलाब भेंट किए गए ।कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि सभी संगठन अपने मुखिया के स्वागत हेतु पांच किलो से इक्कीस किलो तक के बड़े बड़े हार लेकर पहुंचे एवं मंच पर पहुंच कर अपने मुखिया का अभिनंदन किया , जिससे समूचा माहौल ख़ुशनुमा



बन गया ।कार्यक्रम की शुरुआत कैलाशवासी माधव राव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । तदुपरांत मंचासीन आयोजकों द्वारा श्री सिंधिया का माल्यार्पण कर भावभीना स्वागत किया गया । स्वागत भाषण में महासंघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अपने मुखिया सांसद सिंधिया के 21 माह के कार्यकाल में 3100 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा को शहरवासियों हेतु बड़ी उपलब्धि बताया ।उन्होंने यह भी कहा कि श्री सिंधिया परिवार के मुखिया की तरह क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का ध्यान रखते हैं, दुख बीमारी में आधी रात को भी अपने लोगों की मदद करते हैं ।

सिंधिया ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि गुना में कुछ नया और बड़ा होने वाला है जिससे शहर की तश्वीर बदल जायेगी । अपने उद्बोधन के उपरांत सिंधिया द्वारा मंच से नीचे आकर अपने प्रियजनों से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु आश्वासन दिया ।सिंधिया द्वारा युवराज क्लब के अध्यक्ष विजय सिंह परिहार बैजू , सचिव संजय अग्रवाल एवं कई खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन में अपने हाथ दिखाए ।युवराज क्लब के सीनियर सदस्य वीरेंद्र अग्रवाल , ओमप्रकाश अग्रवाल , सुखवीर सिंह ठाकुर,मुरारीलाल शर्मा , डॉ. विष्णु गोयल , सुनील अग्रवाल, धर्मेश विजयवर्गीय को मुख्य अतिथि द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड् से सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि सिंधिया के साथ प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भाजपा ज़िलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, चांचोड़ा विधायक प्रियंका मीणा , राजेश अग्रवाल, विजय सिंह परिहार बैजू , वीरेंद्र अग्रवाल , डॉ. विष्णु गोयल , सुनील अग्रवाल , संजय अग्रवाल महू एवं प्रधुम्न जैन मंचासीन रहे । कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया एवं आभार संजय अग्रवाल द्वारा माना गया ।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान राघौगढ़ पहुंचे, नवदंपती को आशीर्वाद दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

**जिपं अध्यक्ष के भाई के विवाह समारोह में हुए शामिल, नवदंपती को आशीर्वाद दिया**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को सपरिवार राघौगढ़ पहुंचे। वे यहाँ जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद राधेश्याम धाकड़ के छोटे भाई रविंद्र के विवाह समारोह में सम्मिलित होने आए थे। चौहान भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा राघौगढ़ पहुंचे, जहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया। अखिल भारतीय किराड़ क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम धाकड़ के सुपुत्र के इस शुभ विवाह अवसर पर राजनीति के कई बड़े चेहरे एक साथ नजर आए। शिवराज सिंह चौहान के साथ उनकी पत्नी साधना सिंह भी मौजूद रहीं। गरिमामयी कार्यक्रम में नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राजगढ़ सांसद रोडमल नागर, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य और चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीना पैंची ने केंद्रीय मंत्री की अगवानी की। विवाह समारोह के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने नवदंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष रघुवीर पटेल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से आत्मीय भेंट कर सौहार्द्रपूर्ण संवाद भी किया।

## अध्यक्ष समेत पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई, श्री कृष्ण राजोरिया अध्यक्ष व आशा शर्मा बनी महिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला सनाढ्य (ब्राह्मण) सभा गुना की बैठक रविवार को सनाढ्य धर्मशाला दुर्गा कालोनी में सम्पन्न हुई श्री कृष्ण राजोरिया पुनः सनाढ्य सभा के जिला अध्यक्ष चुने गये । जिन्हें सभी बिप्रबंन्धु गणों ने बधाई दी । इनका दौ वर्षीय कार्यकाल निर्विवाद रहा। उनके कुशल कार्यकाल को देखते हुए। पुनः निर्वाचित हुए। इस मौके पर चुनाव अधिकारी डा जी.के. शर्मा , सहायक निर्वाचन अधिकारी इन्जी रविन्द्र नाथ परासर की मौजूदगी में सम्पन्न हुए पं लखन शास्त्री, हरिदत्त शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, आशा शर्मा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, मणी शर्मा, कौशल्या देवी सहित काफी बिप्रबंन्धु गणों के सानिध्य में यह चुनाव सम्पन्न हुआ। बता दें कि ब्राह्मण समाज द्वारा सनत धर्मशाला में वर्ष भर विभिन्न प्रकार के सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक और प्रेरणादाई आयोजन किए जाते हैं जिससे समाज में जन जागरण और सनातन के महत्व को जानने के अलावा विज्ञान की महत्वता पर भी सार्थक प्रयास देखने को मिले हैं। यहां पर समाज के प्रत्येक वर्ग की प्रतिभाओं को भी सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाता है।





## विश्व उपभोक्ता दिवस पर प्रदर्शनी व संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर म्याना, गुना में प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा पांच आदिवासी महिलाओं को निःशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे ने बताया कि जिले के सभी आदिवासी परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं तथा एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, खाद्य सुरक्षा मानकों, नापतौल की सही प्रक्रिया और पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट की पहचान से संबंधित जानकारी दी गई।इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उपभोक्ता सेवा केंद्र के माध्यम से लोगों की शिकायतों का निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## एएनएम संवर्ग ने सिंधिया को ज्ञापन सौंपा, नर्सिंग कैडर में वापसी और वेतन विसंगति दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला अस्पताल में रविवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को संयुक्त ए.एन.एम. एसोसिएसन (संविदा-नियमित) कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संघ ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि 1950 से स्वास्थ्य विभाग की आधारस्तंभ मानी जाने वाली एएनएम बहने आज उपेक्षा और भेदभाव का शिकार हो रही हैं। सिंधिया को सौंपे गए ज्ञापन में जिला अध्यक्ष उमा वर्मा और सचिव आत्मा दुबे ने उल्लेख किया कि जनजातीय, दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य से लेकर सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन केवल ए.एन.एम. द्वारा ही किया जाता है। देश को पोलियो, चेचक और खसरा जैसी बीमारियों से मुक्त कराने में इस संवर्ग की भूमिका अहम रही है। विशेषकर कोविड महामारी के दौरान



जब दुनिया घरों में कैद थी, तब इन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने करोड़ों लोगों का टीकाकरण कर अपनी जान जोखिम में डाली। इसके बावजूद, जब सम्मान और प्रोत्साहन राशि की बात आती है, तो इस कैडर को नजरअंदाज कर दिया जाता है। संघ ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष मुख्य रूप से तीन मांगें रखी हैं। पहली मांग ए.एन.एम. को पुनः नर्सिंग कैडर में शामिल करने की है, क्योंकि प्रसव से लेकर टीकाकरण तक के सभी कार्य उनके द्वारा ही किए जाते हैं। दूसरी, वर्षों से लंबित वेतन विसंगति को दूर कर ग्रेड-पे 3400 करने की मांग की गई है। तीसरी प्रमुख मांग शिक्षा विभाग की तर्ज पर संविदा में कार्यरत ए.एन.एम. का संविलियन कर उन्हें नियमित कर्मचारी की भांति सुविधाएं देने की है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संगठन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाएं जैसे मातृवंदना और आयुष्मान कार्ड को जमीनी स्तर पर वे ही सफल बनाती हैं, अतः उनके साथ हो रहा मानसिक और आर्थिक पक्षपात अब बंद होना चाहिए।

### सेन समाज मंदिर बजरंगगढ़ पर महिला मंडल ने होली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

बजरंगगढ़। सेन समाज मंदिर बजरंगगढ़ पर सेन समाज विकास संगठन जिला शाखा गुना की महिला मंडल द्वारा होली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने सर्व प्रथम भगवान राधाकृष्ण को रंग गुलाल लगाया । इसके बाद संत शिरोमणि सेन जी महाराज को गुलाल लगाया । फिर सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। ओर होली की शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष पिंकी सेन ने सभी को प्रेम एकता और सौहार्द पूर्ण वातावरण में रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में सम्मिलित रही संगठन की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति सेन, जिला अध्यक्ष पिंकीप्रकाश सेन संगठन के जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ सावित्री बाई सेन, कमला बाई, इंदु सेन, हेमलता सेन पुष्पा बाई, सीमा सेन बजरंगढ़ सहित महिलाएं उपस्थिति रही।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने म्याना में जनसमस्याएं सुनीं, मौके पर निराकरण किया

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना का शुभारंभ, बच्ची को समझाकर लगवाई एचपीवी वैक्सीन



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को गुना जिले के म्याना में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के संरक्षण के लिए पौधे और सकोरे भी वितरित किए।

### प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने का निर्देश

म्याना के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में आवास, चिकित्सा सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, खसरा नामांतरण, सीमांकन, पेंशन, विद्युत तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्वयं उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया तथा निराकृत मामलों में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। साथ ही उन्हें पक्षियों के लिए सकोरे और पौधे भी प्रदान किए गए। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने म्याना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिंधिया एचपीवी वैक्सीनेशन कक्ष में भी पहुंचे। वहां वैक्सीनेशन लगवाने से घबराई एक बच्ची का हाथ उन्होंने स्वयं पकड़ा और उसे समझाते हुए वैक्सीन लगवाई। उन्होंने बच्ची से कहा कि यह टीका उसके जीवन की सुरक्षा का कवच है। इसके बाद उन्होंने बच्ची को वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, वनमण्डलाधिकारी अक्षय राठौर, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### बीनागंज में कर्मा बाई जयंती पर निकला भव्य चल समारोह, भाजपा उपाध्यक्ष मीना ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

साहू समाज द्वारा जय मां कर्मा देवी जयंती के पावन अवसर पर बीनागंज नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं गणमान्य नागरिक उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना एवं मीना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा चल समारोह का मुख्य बाजार में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही साहू समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्यजनों का साफा एवं पटका भेंट कर सम्मान भी किया गया।चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मुख्य बाजार से निकला, जहां जगह-जगह समाजजनों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान जय मां कर्मा देवी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम में साहू समाज के अनेक पदाधिकारी, समाजसेवी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कर्मा माता के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में एकता और सेवा भाव को बढ़ाने का संदेश दिया।

### उमर थाना हाई स्कूल में नकल का आरोप, वीडियो बनाने पर अतिथि शिक्षक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

उमर थाना क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल में कक्षा 9 की परीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल में पदस्थ प्राचार्य हरि सिंह चंदेल स्वयं आगे रहकर छात्राओं से गाइड रखकर नकल करवा रहे थे।बताया जा रहा है कि उसी दौरान अतिथि शिक्षक आशुतोष बैरागी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। वीडियो बनाने की जानकारी लगते ही प्राचार्य हरि सिंह चंदेल और उनके साथियों ने आशुतोष बैरागी के साथ कथित रूप से मारपीट कर दी और अभद्र गालियां दीं।मारपीट में अतिथि शिक्षक आशुतोष बैरागी को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद उन्होंने पूरे मामले की शिकायत चाचौड़ा थाना में दर्ज कराई है।इस घटना से शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह परीक्षा की पारदर्शिता और विद्यालय की व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। वहीं स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



# एनएसएस शिविर में ई-गवर्नेंस और कैरियर अवसरों पर हुआ मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़




राघौगढ़। शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम श्रीपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस पर विभिन्न जागरूकता एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।आयोजित बौद्धिक सत्र में सम्माननीय नायब तहसीलदार रेणु कासलीवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ के.आर.जी. महाविद्यालय ग्वालियर के प्रोफेसर अमित बरसाना जी एवं प्रोफेसर सी बी ओझा जी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास तथा रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करती है। वहीं अतिथियों ने ई-गवर्नेंस और राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भविष्य के कैरियर अवसरों के बारे में जानकारी दी।शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्राम में घर-घर जाकर सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया तथा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इस दौरान सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया और महिलाओं से संबंधित आवश्यक आंकड़े एकत्रित किए गए।प्रातःकाल प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान तथा ग्राम सर्वेक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि सायंकाल खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हीरालाल पटेल ने किया तथा आयोजन में सुश्री प्रतिभा दुबे, डॉ. विजय सिंह कुशवाह एवं प्रकाश चंद्र तामरे का विशेष सहयोग रहा।

### स्वेच्छा की भावना से किया श्रमदान , निकला एक ट्रॉली कचरा

राघोगढ़: - मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति द्वारा सेक्टर 01 के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक 03 के सहयोग से धीरपुर स्थित श्री राम मंदिर परिसर में स्वैच्छा के भाव के साथ समग्र स्वच्छता अभियान अंतर्गत परिसर की साफ सफाई की गई जिसमें समिति द्वारा एक ट्राली कचरा निकल गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था सचिव सुरेश केवट द्वारा उपस्थित समिति सदस्यों को स्वेच्छा की भावना से आगे बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्यों को गति देने की बात कही, तथा नगर विकास समिति के सचिव अमोल सिंह द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर मदन लाल केवट, आराम सिंह , जुगराज पुरी, रामबाबू, किशोर कुमार नरवरिया समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## झरका पुरा में सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

ग्राम पंचायत पीपल्यामोती के मजरा झरका पुरा के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने ग्राम पीपल्यामोती मेन रोड से लेकर प्राथमिक स्कूल मजरा झरका पुरा तक लगभग 1.5 किलोमीटर सुदूर संपर्क सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग पर किसी भी प्रकार की पक्की सड़क नहीं है, जिससे लोगों को कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करना पड़ता है। बरसात के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे गांव के लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने आवेदन को संज्ञान में लेकर जनपद पंचायत चाचौड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेजकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित आवेदन की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन कार्यालय को भेजने को कहा गया है।इस दौरान ग्रामीण बने सिंह, बलराम भील, रामस्वरूप भील, रमेश भील, मंगल सिंह, देवलाल सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**ग्राम पीपल्यामोती मेन रोड से प्राथमिक स्कूल तक 1.5 किमी सुदूर संपर्क सड़क बनाने की मांग**

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे के निर्देशानुसार तथा शासन के आदेशों के पालन में, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में नगर परिषद आरोन द्वारा दिनांक 14 मार्च 2026 को एडीआईपी/वयोश्री योजनाओं के अंतर्गत नगर के चिन्हित वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित कराया गया।यह कार्यक्रम माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद एवं केंद्रीय संचार तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में जलसा गार्डन, गायत्री मंदिर के सामने, गुना में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में नगर परिषद आरोन द्वारा चिन्हित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को शिविर स्थल तक पहुँचाने के लिए आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा उन्हें योजना का लाभ दिलाया गया।



## सात दिवसीय एनएसएस शिविर धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम श्रीपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साह और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान, ग्राम सर्वेक्षण, डिजिटल साक्षरता जागरूकता, सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण जागरूकता अभियान, सेनेटरी पैड वितरण, नुक्कड़ नाटक, योग-व्यायाम, खेल प्रतियोगिताएँ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर बौद्धिक सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों एवं अतिथियों ने युवाओं को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।समापन समारोह में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा की भावना से जोड़ने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्वयंसेवकों की सक्रियता और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य डॉ. माया परस्ते ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करती है तथा युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाती है।शिविर के सफल संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर हीरालाल पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन में समिति के सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर कु. प्रतिमा दुबे, डॉ. विजय सिंह कुशवाह एवं श्री प्रकाश चंद्र तामरे का विशेष सहयोग रहा।शिविर की विभिन्न गतिविधियों में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इनमें प्रमुख रूप से रानी सेन, राधा प्रजापति, मुस्कान मीना, मुस्कान धाकड़, अरुण सैनी, शिवानी केवट, अजय कुमार धाकड़, सृष्टि खरे, विवेक कुशवाह, सोनू सैनी, कामना प्रजापति, पूजा बघेल, शिवानी बघेल, सपना सैनी, ज्योति सैनी, रितिका राजपूत, सलोनी कुशवाह, सिया मांझी, अजीत धाकड़, अंजलि धाकड़, रोशनी सैनी, हेमंत अहिरवार, सुनीता चौहान, कीर्ति मेर और सुनाक्षी सेलर की विशेष भूमिका रही।

### आत्महत्या का प्रयास किया, ग्रामीणों ने बाहर निकाला

## पत्नी से विवाद के बाद पति कुएं में कूंदा, कुआ भी निकला सूखा

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत एक युवक का अपनी पत्नि से विवाद हो गया था, इस विवाद के बाद उसने एक कुएं में कूंदकर जान देने का प्रयास किया। इस 35 फुट गहरे कुए में पानी नहीं था। इस घटना को एक ग्रामीण ने जैसे ही देखा वैसे ही गांव के लोगों और पुलिस को सूचना दी जिसके बाद ग्रामीणों ने और पुलिस ने उसे सकुशल कुए से बाहर निकाला गया।

बताया गया है कि मुनेश पुत्र गज्जू अहिरवार निवासी बमनावर का उसकी पत्नि अंजना अहिरवार के बीच विवाद हो गया था जिसके बाद युवक 35 फुट गहरे कुएं में कूद गया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और डायल 112 की मदद से ग्रामीण को 4 पाई कुए में डालकर रस्सियों की मदद से बाहर निकाला गया और ईसागढ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। युवक का कहना है कि दो साल पहले उसकी पास के ही गांव में रहने वाली एक लड़की से शादी हुई थी, युवक को शक है कि वह किसी युवक से फोन पर चर्चा करती है इसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नि से विवाद हो गया था। पति का यह भी आरोप है कि पूर्व में उससे मारपीट भी की थी।




## पिपरई तहसील परिसर के पहले गेट पर होर्डिंग उल्टा लटका

**पिपरई।** तहसील परिसर में लगे होर्डिंग्स बोर्ड पर अंकित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव की तस्वीर के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए होर्डिंग बोर्ड लगाया गया है। लेकिन इस बोर्ड को कभी इसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर के ऊपर से लोहे का सरिया निकल कर सामने आता है। तो फिर कही यह बोर्ड उल्टा लटका हुआ नजर आता है। शासन की विभिन्न योजनाओं से जनता के बीच में उनको जानकारी नहीं मिल पाती शासन एक और योजनाएं चल रही है और उनके प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ती लेकिन अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता की वह होडिंग बोर्ड उल्टा है की सीधा है पूर्व में भी इस के बारे में पत्रकारों के द्वारा अवगत कराया एवं उसको सुधरवाया गया। तब तहसीलदार ने कहा था कि अब यह होडिंग बोर्ड सही हमने व्यवस्थित करके लगवा दिया है अब आगे ऐसा नहीं होगा लेकिन आज फिर यह होर्डिंग उल्टा लटका पड़ा हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है की आल्हा अधिकारी मर्जी के मालिक है उन्हें शासन की योजनाओं से कोई मतलब नहीं है।

## भोपाल में उपचार के लिए भेजी गई दुल्हन की भी मौत, अब तक 4 ने गंवाई जान

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा नईसरायं मार्ग पर पिछली 10 मार्च को एक कार को सामने से आरे बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी थी इस घटना में मौके पर ही दुल्हन के जीजा ब्यावरा निवासी वैभव जैन की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना में 4 लोग गंभीर रूप से घायल होने के कारण रैफर किए गए थे जिसमें जैन परिवार के वाहन चालक सौरभ खटीक और बुलेरो वाहन के वाहन चालक राहुल यादव की भी मौत हो गई थी। दुल्हन को सिर में गंभीर चोटे आने के कारण और हाथ पैरों में कईं जगह फ्रेक्चर होने कारण भोपाल रैफर किया गया था। इस घटना में जीवन और मौत से लड़ते हुए दुल्हन साक्षी जैन ने भी दम तोड़ दिया।

घटना के बाद से ही दुल्हन कोमा में चल रही थी, यह वधु पक्ष का परिवार शिवपुरी जिले के कोलारस का निवासी है और वर पक्ष विदिशा जिले के गंज बासौदा का रहने वाला है। कन्या पक्ष के लोग दुल्हन को लेकर 11 मार्च की शादी होने के कारण 10 मार्च को कोलारस से सुबह 10 बजे बासौदा के लिए रवाना हुए थे, 4 कार वाहनों के साथ यह काफिला जब नईसरांय से शाढ़ौरा की ओर आ रहा था तभी मूडरा और बरखेडा गौड़ के बीच सामने से आ रहे एक बुलेरो वाहन ने कार को टक्कर मार दी थी, इस घटना में कार में बैठे दुल्हन के जीजा वैभव जैन की मौके पर ही मौत हो गई थी और घटना में दुल्हन की मां शीला बाई, दादी प्रेमबाई, खुशबू जैन और एक डेढ वर्षीय बालिका भी घायल हो गई थी। शीला बाई को छोड़कर सभी लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।



### रोटरी ने नेत्र शिविर का आयोजन किया, 126 मरीजों की जांच की गई, 46 ऑपरेशन योग्य पाए गए




**अशोकनगर।** रविवार को रोटरी क्लब द्वारा श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। इसमें काफी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर जांच करवाई एवं कई मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। रोटरी के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने बताया कि इस नेत्र शिविर में करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के डॉ. दीपक एवं शिव गनेश ने 126 मरीजो की जांच की गई एवं 46 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी क्लब द्वारा अशोकनगर में प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है, जिसमे अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अजीत जैन बीमा, सचिव अक्षय जैन,रोटेरियन माधव सिंह रघुवंशी,सुधीर गुप्ता, मोहर सिंह कमल सिंह रघुवंशी, सहित अन्य ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

### पिपरई में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया



**पिपरई।** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर न हो, इसके लिए उन्हें एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। आज इसी के तहत नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला चिकित्सा अधिकारी अलका त्रिवेदी के निर्देश पर इस अभियान का शुभारंभ किया, जिसमें 14-15 साल की किशोरी बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। और तकरीबन 30 के आसपास किशोरी बालिकाओं ने टीकाकरण का पहला डोज लगवाया है। इस दौरान डॉ, राममनोहर सिंह राजपूत की ओर से यह अपील भी नगरवासियों से की गई है कि सभी किशोरी बालिकाओं के अभिभावक अपने बच्चों को एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं और उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचाएं। इस मौके पर मेडिकल आफिसर डॉ, राम मनोहर राजपूत, डीईओ कपिल यादव, डीईओ सिमरन राठौर एवं एएनएम आशा सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### जयपुर मंडल में कार्य जारी

## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस मई माह में 07 ट्रिप निरस्त रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते के चलते भोपाल सेबसंचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे।

रेल प्रशासन यात्रियों से असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है तथा सहयोग की अपेक्षा करता है। यह कार्य भविष्य में बेहतर संरक्षा, गति एवं परिचालन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

**निरस्त की जाने वाली गाड़ियाँ**

1.गाडी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 03, 04, 05, 08, 12, 13 एवं 14.05.26 को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी।

2.गाडी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 02, 03, 04, 07, 11, 12 एवं 13.05.26 को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी।

### सड़कों पर सेटअप से राहगीर परेशान, जिला प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

## फिल्म की शूटिंग के कारण चंदेरी नगर के नागरिक परेशान, जिम्मेदार अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनग

जिले का चंदेरी कस्बा फिल्मकारों के लिए खूब रास आ रहा है लेकिन फिल्मकार चंदेरी में शूटिंग करते हैं। जिला प्रशासन अनुमति देता है जिसके बाद फिल्मों के निर्माता निर्देशक करोड़ो का व्यापार करते हैं, बदले में चंदेरी को कुछ नहीं मिलता जबकि इस रॉयल्टी चंदेरी को मिलना चाहिए। ऐसा भी नहीं हो रहा है अपितु चंदेरी नगर में पिछले कुछ दिनों से बॉलीवुड और तेलुगू फिल्म मुसरू-2 की शूटिंग चल रही है, लेकिन यह शूटिंग अब आम नागरिकों के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। फिल्म प्रोडक्शन टीम द्वारा सड़कों और तंग गलियों में अपना भारी-भरकम सेटअप लगा लिया जाता है, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो रही है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जब वह इस अव्यवस्था को लेकर टीम से बात करते हैं, तो उन्हें सहयोग करने के बजाय उल्टा-सीधा कहा जाता है या चुपचाप निकल जाने की हिदायत दी जाती है। हाल ही में कटी घाटी पर शूटिंग के दौरान भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहाँ चिलचिलाती धूप में लोग सड़क के दोनों ओर घंटों खड़े होकर रास्ता खुलने का इंतजार करते रहे। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पूरी अव्यवस्था से आंखें मूंदे बैठे हैं। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन फिल्म टीम को स्पष्ट निर्देश दे ताकि शूटिंग के दौरान आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी न हो और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।



**गलियों में कब्जा, टोकने पर मिलता है रूखा व्यवहार:** नगर के संकरे गलियारों में शूटिंग के लिए भारी-भरकम मशीनरी और लाइट सेटअप लगा दिए जाते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जब वे इस बाधा को लेकर विरोध दर्ज कराते हैं या निकलने की जगह मांगते हैं, तो प्रोडक्शन टीम के सदस्यों द्वारा उनके साथ अभद्रता की जाती है। लोगों को श्उल्टा-सीधाश बोलकर चुपचाप निकल जाने या रास्ता बदलने की हिदायत दी जाती है, जिससे आम जनता में गहरा रोष है।

**कटी घाटी पर घंटों जाम, चिलचिलाती धूप में बेबस जनता :** हाल ही में फिल्म शूटिंग का एक और नकारात्मक नजारा कटी घाटी पर देखने को मिला। चिलचिलाती धूप के बावजूद फिल्म के शॉट के नाम पर सड़क के दोनों ओर ट्रैफिक रोक दिया गया। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और जरूरी काम से जा रहे लोगों को घंटों इंतज़ार करना पड़ा। लोग गर्मी में परेशान होते रहे, लेकिन शूटिंग टीम का ध्यान सिर्फ अपने कैमरे और शॉट पर रहा।

**प्रशासन की अनदेखी पर उठ रहे सवाल:** नियमों के मुताबिक, फिल्म शूटिंग के लिए अनुमति देते समय प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक यातायात और नागरिकों की सुविधा प्रभावित न हो। लेकिन चंदेरी में जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि वे फिल्म शूटिंग के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसे इस तरह से मैनेज किया जाना चाहिए कि आम आदमी के संवैधानिक अधिकारों का हनन न हो। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारी फिल्म टीम को निर्देशित करें कि वे सड़क के बीचों-बीच बाधा न डालें और नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें।

## खबर संक्षेप

### जिले भर में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी किरण बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू लोधी और बीरन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भोला और किरण लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी अनिल रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ह्रदेश पाल, छोटू, बिटटू और देवीलाल पाल ने उससे कुल्हाडी और हसिया से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गीलारोपा निवासी कल्याण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कलेक्टर अहिरवार और खेमचद्र, मोहरसिंह, प्रदीप और छोटू अहिरवार ने पुराने विवाद को लेकर उससे लाठी और डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांडरी सेहराई निवासी बैजनाथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चाउ आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्मन खिरिया निवासी जसबंत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिंद और कलेक्टर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चोरी की घटना पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी अतुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रेलवे फाटक गुना अशोकनगर रोड पर फरियादी की गुमठी रखी हुई है जिसका ताला तोड़कर पान मसाला के पाउच, सिगरेट की डिब्बी, गैस भटटी, 5 लीटर की गैस टंकी आदि सामान अज्ञात लोग चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की नईसरायं पुलिस ने ग्राम घुरवाल कला निवासी कल्ला जाटव के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने ग्राम खानपुर निवासी सुरेन्द्र आदिवासी के पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के नईसरायं थाने की पुलिस ने ही पौरूखेडी निवासी खलक सिंह आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय शंकर कॉलोनी निवासी रजनी अहिरवार पुत्री राधेश्याम अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धु्रपद गायक बैजू बावरा स्मृति समारोह का केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ

# चंदेरी में पग- पग और डग-डग पर प्राचीन ऐतिहासिक धराहरें: सिंधिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार को चंदेरी मेला ग्राउंड में दीप प्रज्जवलित कर बैजू बावरा संगीत समारोह का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ऐतिहासिक गौरवशाली चंदेरी नगरी में महान संगीतज्ञ बैजू बावरा समारोह का आयोजन एक महत्वपूर्ण कड़ी है। ग्वालियर में महान संगीतज्ञ तानसेन तथा चंदेरी में बैजू बावरा संगीत समारोह का आयोजन वृहद स्तर पर हो या सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चंदेरी में पग-पग और डग-डग पर प्राचीन ऐतिहासिक धराहरें हैं,जो प्राचीन काल का इतिहास बताती हैं। चंदेरी की इस माटी के साथ सिंधिया परिवार का सदैव हृदय से संबंध रहा है। मध्य प्रदेश के एक छोर पर बसी है चंदेरी है। चंदेरी ने समूचे बुंदेलखंड और समूचे मध्य प्रदेश के अंचल को एक बट वृक्ष के रूप में छाया सदैव दिया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में संगीत सम्राट तानसेन तथा चंदेरी में महान संगीतज्ञ बैजू बावरा समारोह के बीच प्रतिवर्ष प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। जिससे ग्वालियर के साथ-साथ आने वाले समय में चंदेरी का भी महत्व संगीत के क्षेत्र में विश्व में चिरस्थाई हो सके।

### भारत की संस्कृति में संगीत को आत्मा में अभिव्यक्ति माना गया: संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र

मध्यप्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि भारत की संस्कृति में संगीत को आत्मा में अभिव्यक्ति माना गया है। संगीत को नादमय माना गया है। संपूर्ण जगत नादमय में है सृष्टि का आधार नाद है और सभी इसी इसी नाद से प्रेरित होकर अपनी साधना की अभिव्यक्ति करते हैं। भारत की परंपरा में संगीत को ही ईश्वर से संवाद का माध्यम माना जाता है। जहां संगीत है वहां नृत्य है, जहां नृत्य है, वहां ईश्वर है, जहां ईश्वर है, वहां मंगल ही मंगल होता है। भारतीय संगीत साधना की इसी महान परंपरा ने स्वामी हरिदास जी, तानसेन, बैजू बावरा जैसे महान संगीतज्ञों को जन्म दिया है। बैजू बावरा महान संगीत परंपरा के तपस्वी थे, जो हमेंशा संगीत साधना से आत्मा की यात्रा तक ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा ऐसे आयोजन लगातार किए जा रहे हैं जिससे संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

### 3 दिवसीय आयोजन में कई कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

शुभारंभ अवसर पर उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने चंदेरी में तीन दिवसीय बैजू बावरा समारोह के बारे में मुख्य अतिथियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैजू बावरा समारोह का आयोजन प्रति वर्ष चंदेरी में भाभी रूप से नियमित रूप से कराया जाएगा।

### राज्य स्तरीय साहित्य कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलाकारों का सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा संस्कृति मंत्री मध्यप्रदेश शासन धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार साहित्य कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। जिसमें दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार नंदिता तिवारी (कृति शीर्षक स्क्रैप मटेरियल), रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार अनुश्री गुप्ता (कृति शीर्षक - सुंदरकांड एवं समकालीन कथा), नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार गोविंद विश्वकर्मा (कृति शीर्षक मृत्युंजय 1), मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार सुश्री प्रतिभा सिंह (कृति शीर्षक - संपूर्ण रामायण), देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार मोहन विश्वकर्मा (कृति शीर्षक - मैं और मेरी सहेली), जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार आकाश जाटव (कृति शीर्षक ग्वालियरनेस 2), लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार शैलजा सुल्लेरे (कृति शीर्षक - हनुमान चालीसा 1), राममनोहर सिन्हा पुरस्कार अनूप श्रीवास्तव (कृति शीर्षक मांडू सीरीज 1) एवं विष्णु चिंचालकर पुरस्कार आदित्य सिंह राजपूत बैलेंस वन (कृति शीर्षक - स्क्रैप मटेरियल) को अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप सम्मान पट्टिका, 51 हजार रुपए की कर मुक्त राशि, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया गया।



### अतिथियों ने किया प्रदर्शनी एवं शिल्पों का अवलोकन

समारोह के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने रूपंकर कला प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। इस प्रदर्शनी में राज्य रूपंकर कला पुरस्कार हेतु आमंत्रित कलाकृतियों में से चयनित 80 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें चित्र एवं मूर्तिकला शामिल हैं। तत्पश्चात हुनर प्रदर्शनी सह विक्रय में शिल्पकलाओं का अवलोकन किया। जिसमें शिल्पकारों द्वारा चंदेरी साड़ी, गौ शिल्प, माटी शिल्प, लकड़ी के खिलौने इत्यादि की सराहना की।

परिजनों को सौंपा गया

## अपहृत 2 नाबालिग बालिकाओं को गुना से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेहराई उनि0 धर्मेश दांगी द्वारा अपहृत 02 नाबालिग बालिकाओं को गुना से सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 11 मार्च को फरियादी निवासी ग्राम अचलगढ़ द्वारा थाना सेहराई में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 मार्च को उसकी नाबालिग बालिका घर के पास गुमठी के पास अपनी सहेली से बातचीत कर रही थी। फरियादी जंगल में बकरी चराने चला गया था। शाम को वापस आने पर उसकी पत्नी ने बताया कि बालिका अभी तक घर नहीं लौटी है। आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली। फरियादी के पड़ोसी ने भी बताया कि उसकी लड़की भी घर से गायब है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर थाना सेहराई में अप.क्र. 50/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसपी अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी को शीघ्र दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी सेहराई द्वारा टीम गठित कर बालिकाओं की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में तथा मुंगावली बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की गई। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। तलाश के दौरान तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम गुना के लिए रवाना हुई, जहां हनुमान चैराहा गुना से दोनों नाबालिग बालिकाओं को पंचों के समक्ष सकुशल दस्तयाब किया।



### महिला महा समिति ने डांस के साथ पिचकारी सजाओं आयोजन किया और होली मिलन समारोह मनाया

**अशोकनगर।** 13 तारीख को महिला महासमिति द्वारा होली मिलन जैन भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें सभी सदस्यों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर गले मिलकर रंग-बिरंगे गुलालों की होली खेली। इसमें हमारे वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित थे जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री इंदु गांधी के सानिध्य में सारा होली मिलन समारोह मनाया गया। साथ में उपस्थित महिलाओं में अध्यक्ष विभा मोदी महामंत्री प्रियंका जैन कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा एवं महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी सह मंत्री वर्षा सिंघई मीडिया प्रभारी सिम्मी जैन अभिलाषा जैन पूर्व मंत्री नम्रता बड़कुल वरिष्ठ पदाधिकारी इंदिरा पाली सपना अजमेरा नांदा सोनी होली मिलन समारोह में 60 वर्ष से अधिक महिलाओं का होली डांस प्रतियोगिता रखी गई जिसमें प्रथम स्थान 70 वर्षीय संतोषी जैन एवं 65 वर्षीय मंजू जैन का द्वितीय स्थान पर प्रतिभा जैन एवं मीणा रसीला तृतीय स्थान पर नंदा सोनी एवं राजकुमारी जैन साथ ही पिचकारी सजाओ कंपटीशन भी रखी गई जिसमें महिलाएं बहुत ही सुंदर-सुंदर पिचकारी सजाकर लेकर आई थी जिसमें प्रथम स्थान पर वर्षा सिंघई द्वितीय स्थान पर प्रतिभा जैन एवं तृतीय स्थान पर बॉबी सिंघई सांत्वना पुरस्कार अभिलाषा एवं मीणा रसीला को मिला।

## पूरी रात जागकर शबे कद्र मनाई गई, और अल्लाह की इबादत कर गुनाहों की माफी मांगी गई



**पिपरई।** रमजान मुबारक पाक महा में मस्जिद रहमानिया में तरावीह कुरआन का पाठ पूरा हुआ। इसके पहले मस्जिद की सजावट की गई। उसके फलस्वरूप शबे कद्र मनाई गई। इस रात लोग पूरी रात जाग कर तन्हा अकेले में अल्लाह की इबादत की ओर अपने गुनाहों की माफी मांगी। इसके पहले हाफिज अजहर खान जिन्होंने तरावीह पढ़ाई थी। उनको नजराना पेश कर उनका सम्मान हाजी दोस्त मोहम्मद ओर बशीर खान मंसूरी ने किया। खिदमतगार कमेटी मयूर खान अतीक खान सहित छोटे छोटे बच्चों को मेडल पहना कर उनकी हौंसला अफजाई की गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने कहा कि रमजान का तीसरा असरा नर्क से मुक्ति का चल रहा है।इसमें रात में की जाने वाली विशेष नमाज के साथ विशेष पुण्य की इवादत की जा रही हे।साथ ही तिलावते कुरआन का पाठ किया जा रहा हे। मस्जिद के किसी कोने में एकांत में साधना ओर नमाज के समय समूह में प्रार्थना भी की जा रही हे। जामा मस्जिद में आज मनाई जाएगी शबे कद्र पुराना बाजार स्थित जामा मस्जिद में छब्बीसवें रोजे ओर सतइस्वी बि शफ के दिन तरावीह कुरआन पूरा होता हे ओर उसी दिन शबे कद्र मनाई जाती हे। शबे कद्र की रात में लोग जाग कर इबादत करेंगे।

## विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत की समीक्षा व योजना बैठक का चंदेरी में हुआ शुभारंभ






**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यभारत प्रांत की प्रांत समीक्षा एवं योजना बैठक का आज चंदेरी में शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय बैठक 14 मार्च एवं 15 मार्च को आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया, प्रांत उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश तोमर, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी एवं प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे उपस्थित रहे।

इस बैठक में मध्यभारत प्रांत के विभिन्न 22 जिलों से आए कार्यसमिति के कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से सत्र 2025 के कार्यों की समीक्षा तथा आगामी सत्रों के लिए संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठनात्मक स्थिति, विश्लेषण एवं समीक्षा, संगठनात्मक संरचना जैसे भौगोलिक, विभाग, जिला, भाग और नगर स्तर की संरचना पर चर्चा की जा रही है। साथ ही विद्यालयीन, महाविद्यालयीन परिसर, छात्रावास एवं कोचिंग क्षेत्रों में सदस्यता अभियान की स्थिति, लक्ष्य, प्राप्त सदस्यता और उसके लेखा-जोखा पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परिषद के विभिन्न आयामों जैसे राष्ट्रीय कला मंच, खेलो भारत, एग्रीविजन, मेडिवीजन, फार्माविजन, थिंक इंडिया, शोध, छात्रा कार्य, जनजाति छात्र कार्य तथा निजी विश्वविद्यालय कार्य की स्थिति की समीक्षा भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त एक्टीविटी अभियान, मिशन साहसी, ऋतुमति अभियान, परिसर चलो अभियान, नशा मुक्त एवं पर्यावरण युक्त स्वच्छ भारत अभियान तथा वंदे मातरम् ऑन कैंपस अभियान जैसे विभिन्न अभियानों को भी आगामी समय में प्रभावी रूप से चलाने पर चर्चा की जाएगी। क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया ने कहा कि गुणवत्ता, कार्य विस्तार, कार्य की गुणवत्ता, नियमिता, घोषित ओर हासिल लक्ष्यों की समीक्षा और योजना करेंगे, उन्होंने कहा कि कथनी और करनी एक समान होनी चाहिए। एबीवीपी एक वैचारिक आंदोलन ह , हमको प्रत्येक कार्य के लिए योजना करनी चाहिए। संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम का उद्देश है। प्रत्येक कार्यक्रम से कार्यकर्ता बनते है। उन्होंने कहा कि वार्षिक योजना बनानी होगी, स्थानीय कार्यक्रम करने होंगे।

प्रांत उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश तोमर ने चंदेरी का एतिहासिक वर्णन करते हुए बताया की चंदेरी प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर के लिए एवं चंदेरी साड़ी के लिए जानी जाती है। उन्होंने बोला कि यह प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक है जिसमें हम 2025-26 की समीक्षा करते हुए 2026-27 की योजना करेंगे। अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि अभाविप की यह समीक्षा बैठक वर्ष में एक बार होती है। यह बैठक आंकलन की बैठक है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के आदेश के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया

### पुर्नविचार याचिका दायर करने की मांग की



**अशोकनगर।** शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से जारी होने के बाद अध्यापक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। इस आदेश के विरोध में रविवार को जिले भर के शिक्षकों द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि इस आदेश को तुरंत रदद किया जाए और न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर की जाए।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं समस्त अध्यापक संगठन अशोकनगर द्वारा यह विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश तथा न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में प्रदेश के लगभग 3 लाख शिक्षकों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करना न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि उनकी नियुक्ति उस समय की सेवा शर्तों और नियमों के अनुसार हुई थी। संघ ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि आरटीई एक्ट 2009 के लागू होने के बाद ही शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की व्यवस्था लागू की गई थी। इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी के दायरे में लाना सेवा शर्तों में परिवर्तन के समान है, जो न्यायसंगत नहीं है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं समस्त अध्यापक संगठन ने मांग की है कि प्रदेश सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके।

## स्वास्थ्य व तनाव मुक्ति हार्ट फुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला हुई आयोजित



**अशोकनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय अशोकनगर स्थित कंट्रोल रूम परिसर, अशोकनगर में एवं समस्त थाना अंतर्गत हार्टफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, कंट्रोल रूम प्रभावी निरी. मनीष सिंह चैहान, महिला थाना प्रभारी निरी. रितु चैहान, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, कंट्रोल रूम स्टाफ, महिला थाना स्टाफ, सीसीटीवी कंट्रोल स्टाफ, थाना देहात स्टाफ तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति के अंतर्गत प्रतिभागियों को विचारों की शुद्धि (क्लीननेस), शरीर के अंगों की क्रियाशीलता में वृद्धि हेतु सात्विक ऊर्जा का संवहन व संग्रहण, नकारात्मक ऊर्जा का विस्थापन, हृदय का परिमार्जन तथा सात्विक ऊर्जा के विस्तार जैसी योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। उक्त हार्टफुलनेस ध्यान एवं यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण कंट्रोल रूम प्रभारी एवं हार्टफुलनेस ट्रेनर निरीक्षक मनीष सिंह चैहान द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

## श्रीमद् भगवद् गीता स्वाध्याय सेवा समिति आदर्श गांव महू आलमपुर में रात्री चौपाल आयोजित की



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा चयनित आदर्श गांव महू आलमपुर में रात्री चैपाल आयोजित की गई। इस चैपाल में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के चंबल एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव और जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ग्राम महू रात्री 8 बजे पहुंचे, जहां उनका ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण ने चंदन तिलक लगाकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

इसके बाद जिला समन्वयक ने रात्री चैपाल लगाने के उद्देश्य के बारे में बताया कि शासन की मंशा है कि जन अभियान परिषद के साथ मिलकर ग्रामवासी स्वैच्छिकता के भाव के साथ ग्राम के सभी युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम को आदर्श बनाने कार्य करें। प्रभारी श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा जिस प्रकार से ग्राम में विगत पांच वर्ष से ग्रामवासियों के आपसी सहयोग से रामायण का अखंड पाठ चल रहा है उसी प्रकार से ग्राम को साफ स्वच्छ रखने की सामूहिक रूप से पहल करें, ग्राम के वाचनालय में सभी वेद, पुराण, उपनिषद, शास्त्रों को जन सहयोग से क्रय कर रखें जो सभी को अध्ययन करने उपलब्ध रहेंगे।

आगे कहा कि अच्छा कार्य करने हेतु तीन बातों को अमल में लाना होगा। प्रथम व्यक्तित्व को निखारें यानी चरित्र उज्जवल बनाएं फिर अपने विचारों को परिणाम में बदलने हेतु कृतित्व यानी कार्य करें तभी नेतृत्व क्षमता का विकास होगा और उसके परिणाम बहुत अच्छे आयेंगे।

बाल संस्कार शाला के मास्टर ट्रेनर बलवीरसिंह यादव ने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो उनके माता पिता करते हैं तथा बच्चों के मन मस्तिष्क पर विद्यालय की पढ़ाई की अपेक्षा घर परिवार के वातावरण का अधिक प्रभाव पड़ता है इसलिए उन्हें संस्कारों से जोड़ने का कार्य भी माता पिता को ही करना होगा इसलिए आगामी समय में संस्कार शाला संचालित की जाएंगी जिसमें माता पिता अपने बच्चों को अवश्य भेजें।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को अशोकनगर जिले के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी जनकदुलारी शर्मा के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह एवं जनप्रतिनिधि साथ थे।

### सिंधिया ने पूर्व विधायक यादव के निधन पर श्रद्धांजलि दी

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को तहसील ईसागढ़ के ग्राम महुअन पहुंचकर चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. राव राजकुमार सिंह यादव के निधन होने पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना और शोकाकुल परिजन को इस पीड़ा को सहने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह के बारे में अतीत में चर्चा करना बड़ा मुश्किल है। उन्होंने जीवन को नियम एवं आधार पर चलकर जिया है। साथ ही परिवार की परंपरा निर्वहन किया है। उन्होंने जनसेवा और सत्य की पथ पर जनता की सेवा की है।

कंपनी एक मात्र सहित कुरावर नगर परिषद की दमकल ने समय रहते पाया आग पर काबू

लाखों के माल का नुकसान, मशीनों के ऑटोमैटिक होने से बची जनहानि

# पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग



### सजगता से अन्य प्लांट जलने से बचे

उल्लेखनीय है कि इस कपड़ा फैक्ट्री के पास ही अन्य प्लांट भी स्थित हैं। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग दूसरे प्लांटों में भी फैल सकती थी पर समय रहते आग बुझा दी गई और बड़ा हादसा टल गया।

### प्लांट में नहीं थे कर्मचारी और मजदूर

घटना के बाद कुछ समय के लिए फैक्ट्री क्षेत्र में भय का माहौल निर्मित हो गया पर चूंकि जिस स्थान पर आग लगी वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओसवाल डैनिम ग्रुप की कपड़ फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। फैक्ट्री से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने पर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रशासन को सूचना मिलती ही कुरावर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और फैक्ट्री में खड़ी एकमात्र दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत से घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

आपको बतादें कि यह ओसवाल ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री है जिसमें विभिन्न किस्मों के पकड़े तैयार होते हैं। जिस प्लांट में यह आग लगी, वहां फैक्ट्री के भीतर आवश्यक आद्रता (ह्यूमिडिटी) को बनाए रखने का काम किया जाता है। यह प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक सिस्टम पर आधारित है और यहां किसी भी प्रकार का श्रमिक कार्य नहीं करता। इसका मुख्य उद्देश्य धागा बनाने वाली मशीनों के लिए जरूरी आद्रता को नियंत्रित करना होता है, ताकि उत्पादन के दौरान धागा टूटने जैसी समस्या न आए पर किन्हीं भी तकनीकी कारणों से मशीनों ने आग पकड़ और भयावह रूप ले लिया।

### दूसरे प्लांट में मजदूर कर रहे थे काम

ह्यूमिडिटी प्लांट से करीब 25 से 30 मीटर दूरी पर स्थित दूसरे प्लांट में मजदूर धागा बनाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान प्लांट के अंदर तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। आग फैलने से प्लांट के भीतर एफआरपी (फाइबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक) की दीवारों में आग पकड़ गई,



जिससे काला धुआं फैक्ट्री परिसर के बाहर तक दिखाई देने लगा। फैक्ट्री से धुआं उठता देख पास के प्लांट में काम कर रहे मजदूरों ने तत्काल प्रबंधन को सूचना दी। इसके साथ ही प्रशासन को भी मीडिया द्वारा सूचित किया गया। इसके उपरान्त कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने नरसिंहगढ़ एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश देते हुए आसपास की सभी दमकल मौके पर भिजवाने के निर्देश दिए। समीप सिर्फ कुरावर की दमकल थी एवं फैक्ट्री की एक दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### इनका कहना है...

फैक्ट्री के ह्यूमिडिटी प्लांट में तकनीकी कारणों से आग लगी थी। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है क्योंकि प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक है। प्रशासन और कंपनी की फायर बिग्रेड ने आग पर समय रहते काबू पा लिया।

**मदन गोपाल चौधरी, यूनिट हेड ओसवाल डेनिम, पीलूखेड़ी जिला राजगढ़**

सूचना मिलते ही नरसिंहगढ़ एसडीएम को निर्देशित करते हुए आसपास की दमकल मौके पर भिजवा दी गईं। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। जनहानि नहीं हुई है।

**डॉ. गिरीश मिश्रा कलेक्टर, राजगढ़**

राज्य शिक्षक संघ के नेतृत्व में आहूत हुई बैठक

# शिक्षकों ने किया टीईटी का पुरजोर विरोध, बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के संबंध में गत दिवस जारी किए आदेश का जिले के शिक्षकों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। पिछले दिनों उक्त आदेश पर तीखा आक्रोष जाहिर करते हुए विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

इसी क्रम में रविवार दोपहर राज्य शिक्षक संघ की जिला ईकाई द्वारा खिलचीपुर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीईटी का मुद्दा सबसे अहम रहा और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित अन्य महत्वूपर्ण विषय पर संगठना पदाधिकारी एवं सदस्यों ने चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की। हालांकि, रणनीति क्या रहेगी इस बारे में पदाधिकारियों ने स्पष्टतः नहीं बताया है।

### शिक्षकों ने व्यक्त किए अपने-अपने विचार

बैठक में शिक्षकगणों ने अपने-अपने विचार भी सभी सांझा किए एवं सभी ने एकजुट होकर अपना दायित्व निवर्हन करने की बात कही। इस अवसर पर संघटना के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश शर्मा जिलाध्यक्ष सुरेश दांगी, जिला संयोजक मुकेश विजयवर्गीय, गोपाल दांगी, महेश बैरागी, नाहिद खान, सत्यनारायण बैरागी, दीपक सेन, कैलाशचंद्र दांगी, हरिनारायण सेन, राकेश यादव, ज्योति बैरागी, वंदना दासोरे, भावना वर्मा, लीलावती, देवनारायण दांगी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जीरापुर।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में एनटीएफ के तहत प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें अलग-अलग दिन में विभिन्न आयोजनों का आयोजन हुआ। प्रबंधन ने बताया कि रचनात्मक पोस्टर, आत्मरक्षा चुनौती सप्ताह अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मानसिक शांति के लिए लघु कहानी लेखन, महिला दिवस के विशेष अवसर पर सेल्फडिफेंस केंप एवं ध्यान का विशेष सत्र आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के लिए मनोज कुमार शर्मा, आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र पर आधारित प्रेरणास्पद फिल्म जिसका विषय बिना तनाव के अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करे का प्रसारण किया गया। सभी कार्यक्रमों में पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ वंदना चुटेल, भुवनेश गुप्ता, कपिल वैष्णव, दिनेश दांगी, डॉ रीना पाटीदार, डॉ महेश नरवरिया, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता मुकेश सेन, डॉ रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ हेमेंद्र सिंह फौजदार, डॉ मनोहर परमार, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता की भूमिका रही।

## एक दिवसीय दौरे पर सारंगपुर पहुंचे पूर्व मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह लंबे समय के बाद सारंगपुर पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। एक दिवसीय दौरे के तहत जयवर्धन तलेन होते हुए सारंगपुर विस के ग्राम टिकोद, करोंदी, पिपलोदा, मंगलाज, सलसलाई होते हुए सारंगपुर पहुंचे।

बायपास पेट्रोल पंप पर उनका स्वागत किया गया। यह उन्होंने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आपकी मेहनत रंग लगाएगी और हमारी सरकार 2028 में प्रदेश में बनेगी और 2029 में देश में भी कांग्रेस सरकार बनेगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में किसान, गरीब, आमजन सबसे ज्यादा परेशान हैं पर हम इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

### पूर्व मंत्री ने सरकार को घेरा

पूर्व मंत्री सिंह ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। संकट हमारे दरवाजे पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो एलपीजी, पेट्रोल और डीजल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, नंदलाल नागर, मोहम्मद अली, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, बनवारीलाल मालवीय, प्रदीप सादानी, शफीक अंसारी, अभयसिंह सिसोदिया, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, जसवंत राजपूत, लखन धनगर, समीर मेव, कैलाश सुरावत, महेश खाती, दिनेश पुरी, बाबू मालवीय, सुनील वर्मा, किशोर मालवीय आदि शामिल थे।

## सारंगपुर एबी रोड पर फूटी पाइप लाइन, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पुराने एबी रोड स्थित गणेश बिहार कॉलोनी के सामने पेयजल पाइपलाइन फूट जाने से सड़क किनारे घंटों तक पानी बहता रहा। इस लापरवाही के चलते आसपास के रहवासी और दुकानदार परेशान नजर आए। आपको बतादें कि यह कई दिनों से पाइपलाइन से पानी रिसकर सड़क किनारे जमा हो रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ कीचड़ की स्थिति बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन फूटने की सूचना कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पानी लगातार बहने से सड़क किनारे गड्ढों में गंदा पानी भर गया है, जिसमें कचरा भी जमा हो रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो पानी की बर्बादी के साथ-साथ मच्छरों और बदबू से बीमारियां भी फैल सकती हैं। लोगों ने



जिम्मेदार विभाग से जल्द से जल्द पाइपलाइन ठीक करवाने की मांग की है, ताकि सड़क पर फैल रही गंदगी और पानी की बर्बादी को रोका जा सके।

### अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में जगह-जगह इस तरह की समस्याएं सामने आती रहती हैं, लेकिन समय पर समाधान नहीं होने से आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या पर कब तक ध्यान देता है। वहीं संबंधित विभाग से दूरभाष पर चर्चा करने की कोशिश की तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए शासन ने जारी की नीति

**राजगढ़।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बीके चंदेल से प्राप्त निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित एसओपी जारी की गई थी। इसमें उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में खरीदी 01 अप्रैल, 2026 से तथा शेष संभागों में खरीदी 07 अप्रैल, 2026 से किया जाएगा। गेहूं उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर किया जाएगा।

## दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरीः डॉ चरण

मेडिकल कॉलेज में हुई कार्यशाला नवजात स्क्रीनिंग व आनुवंशिक जांच पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में कार्यशाला हुई। यह कार्यक्रम एम्स भोपाल, मेडिकल कॉलेज विदिशा, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के संचालक डॉ बी.एस. चरण ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के प्रति



जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के मरीज कम होने के कारण फार्मा कंपनियां दवाओं के विकास में कम रुचि लेती हैं, जिससे उपचार महंगा और सीमित हो जाता है। मेडिकल कॉलेज विदिशा के शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि जिले में दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए एम्स भोपाल को एक्सीलेंस सेंटर बनाया गया है। इससे जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद स्क्रीनिंग संभव हो सकेगी और समय पर बीमारी का पता लगाकर इलाज शुरू किया जा सकेगा। एम्स भोपाल की जेनेटिक रोग प्रभारी डॉ भावना ढींगरा ने बताया कि दुनिया में लगभग 7 से 8 हजार दुर्लभ बीमारियां पाई जाती हैं। इनमें से अधिकांश बीमारियां आनुवंशिक कारणों से होती हैं।

जिला स्तरीय आयोजन के लिए गठित की गई समिति

## भारत के पहले कानून मंत्री की धूमधाम से मनेगी जयंती

**सारंगपुर।** स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती इस वर्ष कुछ खास और बड़े आयोजनों के साथ मनाई जाने वाली हैं। आगामी 14 अप्रेल को डॉ. अंबेडकर जयंती के संबंध में कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा बनाने मुख्यालय स्थित पाटी वाली माताजी मंदिर परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्सव सेवा समिति (राज फ्रेंड्स क्लब) द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती अवसर पर निकाली जाने वाले जिला स्तरीय शोभायात्रा सहित अन्य आयोजनों को लेकर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही जयंती को किस तरह



भव्यतम रूप दिया जा सकता है, इस संबंध में भी कार्ययोजना बनाई गई। आयोजन हेतु एक समिति भी गठित करते हुए दायित्व सौंपे गए। आयोजन समिति में दिलीप कुमार बामनिया अध्यक्ष, गजेंद्र वर्मा अब्बू को उपाध्यक्ष सहित साहिल नरवरे, नरेंद्र कुमार जादम, जुगराज वर्मा, आकाश संजोदिया, संदीप कटारिया, विशाल लावर, रवि वर्मा, दुलीचंद वर्मा, भगवान सिंह वर्मा राजवीर गढ़वाल, राजेंद्र कटारिया, देवेंद्र जादम सहित अन्य सम्मिलित किए गए हैं।

समाज के हित हेतु कार्य करते रहने सभी ने रखे अपने-अपने विचार

# तंवर और गुर्जर समाज ने प्राकृतिक रंगों से मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के तंवर एवं गुर्जर समाज के तत्वावधान में रविवार दोपहर अलग-अलग स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित करवाए गए। तंवर समाज द्वारा मिडवे ट्रीट के सामने स्थित परिसर एवं गुर्जर समाज द्वारा खुजनेर रोड स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों ही कार्यक्रमों में समाजजनों के साथ ही सभी दलों के जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ शिरकत की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सभी से आगृह किया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागे, बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें। इसके साथ ही समाज के लिए क्या अच्छा किया जा सकता है, समाज के बच्चों के भविष्य कैसे संवारे जा सकते हैं, इस बारे में भी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार सांझा किए।

### खूब उड़ा रंग, अबीर गुलाल, बजे ढोल

कार्यक्रमों में जमकर प्राकृतिक रंग, गुलाल उड़ा और ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते सभी ने एक-दूसरों को होली पर्व की बधाई दी। सभी ने परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना के साथ समारोह को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित अन्य अधिकारियों ने भी शिरकत की। दोनों आयोजनों में मुख्यतः भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, रघुनंदन शर्मा, जिपं सदस्य यशवंत गुर्जर, जगदीश गुर्जर सहित सभी सामाजिकजन व नागरिक उपस्थित रहे।

पीएम किसान निधि के तहत हस्तांतरित हुई राशि

# राजगढ़ के ढाई लाख किसानों के खातों में पहुंचे 49 करोड़ 77 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ द्वारा गत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किश्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यद्यपि यह आयोजन पूरे देश के लिए था पर जिले के लिहाज से बात करें तो 2 लाख 48 हजार 700 किसानों के खाते में 49 करोड़ 77 लाख रूपये राशि हस्तांतरित करवाई गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा रहे। साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र कुमार कौशिक, उप संचालक कृषि सचिन जैन, एस.एल.आर. सतेंद्र चतुवेदी सहित जिल के प्रगतिशील किसान शामिली हुए। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री जैन द्वारा कृषको को प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, धरती माता बचाओ कार्यक्रम, गेहूं की उन्नत प्रजातियां, स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी ड्रिप से सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के लाईव प्रसारण के प्रदर्शन में अधिकारी गजाला खान का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह तथा सुश्री इतिश्री राठौर द्वारा किया गया।